संभलकर चलिए... गड्ढों में हिचकोले खा रहे वाहन, जिम्मेदार बेखबर

खास बातें

- एक साल पहले गिनाई थीं 10 जर्जर सड़कें, आज भी जस की तस
- करोड़ों का टैक्स वसूला, लेकिन सुरक्षित सड़कें अब भी सपना

नवभारत न्यूज

विदिशा 30 जुलाई, शहर की सड़कें इन दिनों लोगों के लिए सबसे बड़ी परेशानी बन गई हैं. नगर पालिका हर वर्ष संपत्ति कर, जल कर, समेकित कर, विकास शुल्क, सीवरेज शुल्क और कचरा शुल्क सहित विभिन्न मदों से करोड़ों रुपये का राजस्व वसूल रही है, लेकिन इसके बावजूद शहर के कई प्रमुख मार्ग आज भी जर्जर हालत में हैं. एक वर्ष पहले जिन 10 प्रमुख सड़कों की बदहाली को लेकर सवाल उठाए गए थे, उनकी तस्वीर आज भी नहीं बदली है. जगह-जगह गहरे गड्ढे, उखड़ी डामर और धंसे हिस्सों के बीच लोगों को रोजाना जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ रहा है.

मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति

रहवासियों का आरोप है कि हर वर्ष सड़क सुधार के नाम पर केवल पैचवर्क कर औपचारिकता पूरी कर दी जाती है.पहली ही बारिश में यह पैचवर्क उखड़ जाता है और सड़कें पहले से अधिक खराब हो जाती हैं. इससे सरकारी राशि खर्च होने के बावजूद लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है.

बारिश ने बढ़ाई मुश्किलें

लगातार हो रही बारिश के कारण गड्ढों में पानी भर जाता है, जिससे उनकी गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है.सबसे अधिक परेशानी दोपहिया वाहन चालकों को होती है. कई स्थानों पर सड़क और गड्ढे में अंतर तक दिखाई नहीं देता. स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसी स्थिति में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है.

इन मार्गों पर सबसे ज्यादा परेशानी

अहमदपुर चौराहे से बायपास, रीठा फाटक-बरईपुरा मार्ग, बड़ी बजरिया-नदीपुरा रोड, तिलक चौक-कागदीपुरा मार्ग, होमगार्ड कार्यालय से पुरनपुरा चौराहा और बंटी नगर से बायपास और वर्तमान में रामद्वारा में सड़कें सबसे अधिक खराब हैं. इन मार्गों से प्रतिदिन हजारों छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं, लेकिन मरम्मत के अभाव में सड़कें हादसों को न्योता देती नजर आ रही हैं.

करोड़ों का टैक्स, फिर भी बदहाल सड़कें

शहरवासियों का कहना है कि जब नगर पालिका जनता से करोड़ों रुपये का टैक्स वसूल रही है, तो बदले में सुरक्षित और टिकाऊ सड़कें मिलना उनका अधिकार है. विकास के दावों के बीच शहर की सड़कें व्यवस्था की वास्तविक तस्वीर सामने ला रही हैं.शहर की जर्जर सड़कें अब केवल असुविधा का कारण नहीं रहीं, बल्कि गंभीर दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ा रही हैं.जब तक सड़कों की स्थायी मरम्मत नहीं होती, तब तक वाहन चालकों को अतिरिक्त सावधानी बरतनी होगी. बारिश के मौसम में एक अनदेखा गड्ढा किसी भी सफर को अस्पताल तक पहुंचा सकता है.

शिकायतें लगातार, कार्रवाई नहीं

स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायतें करने के बावजूद अधिकांश जर्जर मार्गों की हालत जस की तस बनी हुई है.नागरिकों ने मांग की है कि जल्द से जल्द सभी प्रमुख सड़कों की गुणवत्तापूर्ण मरम्मत कराई जाए और लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जाए.

सिरोंज में 55 पेटी अवैध शराब जब्त

मामले में एक आरोपी गिरफ्तार, दो फरार

नवभारत न्यूज

सिरोंज 30 जुलाई, नगर में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बुधवार को प्राइम सिटी कॉलोनी, इमलानी रोड स्थित एक मकान से 55 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त की है. जब्त शराब की कुल मात्रा करीब 448.56 लीटर है, जिसकी अनुमानित कीमत 4 लाख 31 हजार रुपये आंकी गई है. पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि दो आरोपी फरार बताए जा रहे हैं.

जानकारी के अनुसार सिरोंज में शराब के अवैध भंडारण, विक्रय एवं परिवहन के विरुद्ध प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है. एसडीएम ओम नारायण बड़कुल, एसडीओ पुलिस सोनू डावर एवं थाना प्रभारी गजेंद्र बुंदेला के निर्देशन में पुलिस टीम द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई की गई. पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि प्राइम सिटी कॉलोनी, इमलानी रोड स्थित एक मकान को एक बैंक द्वारा सील किया जाना है. सूचना में यह भी बताया गया कि मकान के एक कमरे में बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब रखी हुई है, जिसे वहां से हटाने की तैयारी की जा रही है. सूचना के आधार पर टीम मौके पर पहुंची और वैधानिक प्रक्रिया पूरी करते हुए मकान की तलाशी ली. तलाशी के दौरान कमरे से कुल 55 पेटियों में करीब 448.56 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई, जिसकी कीमत लगभग 4.31 लाख रुपये बताई जा रही है. पुलिस ने शराब के संबंध में वैध लाइसेंस मांगा, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिलने पर पुलिस ने शराब को जब्त कर लिया एवं नियमानुसार जांच के लिए सैंपल लिए. मामले में पुलिस ने आरोपी अंकित भार्गव को विधिवत गिरफ्तार कर लिया, जबकि दो अन्य आरोपी फरार हैं. पुलिस जब्त शराब और आरोपी को थाने लेकर पहुंची. पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज किया गया. मामले की विवेचना जारी है. एसडीएम ओम नारायण बड़कुल ने बताया कि मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई है. इसके बाद कलेक्टर के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी मामले की जांच के लिए गुरुवार को सिरोंज आये. उनके द्वारा भी मामले की जांच की जा रही है. शराब के बैच नंबर और ट्रैकिंग रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है. जिससे अवैध शराब के बारे में विस्तृत जानकारी मिल सके. जांच के बाद आगामी कार्यवाही की जावेगी.

गुरु पूर्णिमा पर सेंट एस.आर.एस. पब्लिक स्कूल में हुआ वृक्षारोपण

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा. स्थानीय सेंट एस.आर.एस. पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में गुरु पूर्णिमा पर्व श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया. कार्यक्रम में पार्षद राहुल ठाकुर एवं मणि भाई अहिरवार मुख्य अतिथि रहे.कार्यक्रम का शुभारंभ महर्षि संदीपनी, संत श्रीराम शर्मा आचार्य, माता भगवती देवी, गायत्री माता एवं मां सरस्वती के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पूजन-अर्चन से हुआ. संस्था प्रबंधन ने अतिथियों का स्वागत किया. विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए राहुल ठाकुर ने कहा कि गुरु का स्थान जीवन में सर्वोच्च होता है और गुरुजनों का सम्मान करते हुए मन लगाकर अध्ययन करना चाहिए.संस्था संचालक के.एस. यादव ने संत श्रीराम शर्मा आचार्य के विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि व्यक्ति निर्माण से ही युग परिवर्तन संभव है. डॉ. विजय कुमार जैन ने गुरु की महिमा पर प्रकाश डाला, जबकि प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने विद्यार्थियों को अनुशासन एवं शिक्षा के महत्व से अवगत कराया. राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी कृष्णपाल सिंह ने गुरु पूर्णिमा के महत्व पर जानकारी देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया.कार्यक्रम के समापन पर छात्र-छात्राओं, अतिथियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया. इसके बाद प्रसादी का वितरण किया गया. संचालन व्याख्याता प्रियंका अग्रवाल ने किया.

मुरारिया में गुरु पूर्णिमा पर धार्मिक आयोजनों की धूम, श्रद्धालुओं ने लिया आशीर्वाद

नवभारत न्यूज

मुरारिया. गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर मुरारिया एवं आसपास के क्षेत्र में विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया. श्री हनुमान टेकरी तपोवन भूमि पर स्थानीय महंत बाल ब्रह्मचारी 108 श्री महावीर दास जी महाराज के सान्निध्य में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पूजा-अर्चना की, महंत जी का आशीर्वाद प्राप्त किया और प्रसादी ग्रहण की.रात्रि में श्रद्धालुओं के लिए भक्त श्री नरसी हरिकथा का आयोजन किया गया. पंडित अवधेश चौबे ने अपने मुखारविंद से कथा का वाचन किया. यह आयोजन हजरत सिंह यादव द्वारा कराया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए.इसी प्रकार श्री भैरव बाबा आश्रम, मदनखेड़ी चौराहा पर स्थानीय महंत श्री विजय रामदास महाराज के सान्निध्य में भी विशाल भंडारे का आयोजन किया गया. श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा महाप्रसादी ग्रहण की. रात्रि में आयोजित भजन संध्या में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्तिमय प्रस्तुतियां दीं, जिन पर श्रद्धालु देर रात तक भक्ति रस में सराबोर होकर झूमते रहे.आयोजकों ने कहा कि गुरु पूर्णिमा भारतीय संस्कृति की गुरु-शिष्य परंपरा का प्रतीक पर्व है. ऐसे आयोजनों से समाज में आध्यात्मिक चेतना, सेवा और संस्कारों का संदेश प्रसारित होता है. कार्यक्रमों में क्षेत्र के अनेक श्रद्धालु, सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे. अंत में सभी ने गुरुजनों का आशीर्वाद लेकर सुख-समृद्धि और लोककल्याण की कामना की.

तहसीलदार ने आरोपों को बताया निराधार लिखित प्रतिवेदन में दिया बिंदुवार जवाब

नवभारत न्यूज

विदिशा,जिला अभिभाषक संघ द्वारा तहसील शहर विदिशा की तहसीलदार प्रीति पंथी के कार्य व्यवहार को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है.ज्ञापन में अधिवक्ताओं के साथ कथित अभद्र व्यवहार, न्यायालयीन कार्य में व्यवधान तथा सम्मानजनक व्यवहार नहीं किए जाने सहित कई आरोप लगाए गए हैं.

इस मामले में तहसीलदार प्रीति पंथी ने भी कलेक्टर को तीन पृष्ठों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत कर सभी आरोपों का बिंदुवार खंडन किया है. प्रतिवेदन में तहसीलदार ने कहा है कि उनके विरुद्ध लगाए गए आरोप तथ्यहीन और निराधार हैं. उन्होंने लिखा कि वे सभी पक्षकारों और अधिवक्ताओं के साथ समान एवं सम्मानजनक व्यवहार करती हैं तथा न्यायालयीन कार्य नियमानुसार संपादित किया जाता है. किसी भी अधिवक्ता के साथ जानबूझकर अभद्रता या पक्षपात नहीं किया गया है. तहसीलदार ने यह भी स्पष्ट किया कि न्यायालय में प्रकरणों का निराकरण विधि सम्मत प्रक्रिया के अनुसार किया जाता है. कुछ मामलों में न्यायालयीन प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेजों के कारण समय लगना स्वाभाविक है, जिसे गलत तरीके से प्रस्तुत किया जा रहा है. उन्होंने अपने प्रतिवेदन में विभिन्न प्रकरणों और घटनाओं का उल्लेख करते हुए अभिभाषक संघ द्वारा लगाए गए आरोपों का क्रमवार जवाब दिया है.

नशे से दूर रहो, तभी सपनों को मिलेगी उड़ान-एसपी

नवभारत न्यूज

शमशाबाद. जवाहर नवोदय विद्यालय में नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान का समापन उत्साहपूर्वक हुआ. कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहकर अनुशासित जीवन जीने का संदेश दिया. उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति के सपनों, भविष्य और परिवार को बर्बाद कर देता है, इसलिए युवाओं को शिक्षा, खेल और सकारात्मक गतिविधियों पर ध्यान देना चाहिए.कार्यक्रम की शुरुआत वृक्षारोपण से हुई. छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक एवं पोस्टरों के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश दिया. सभी उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई. इस अवसर पर एसडीओपी अमरेश बोहरे, तहसीलदार संजय चौरसिया, नगर परिषद अध्यक्ष भारती प्रदीप माहेश्वरी, प्राचार्य जितेंद्र मिश्रा सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा.

सेंट मेरी हायर सेकेंडरी स्कूल में छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

- एसपी रोहित काशवानी ने दिलाई पद एवं गोपनीयता की शपथ
- नशा मुक्ति व नेतृत्व का दिया संदेश

नवभारत न्यूज

विदिशा. सेंट मेरी हायर सेकेंडरी स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए नवगठित छात्र परिषद (स्कूल कैबिनेट) का शपथ ग्रहण समारोह गरिमापूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी (आईपीएस) एवं इंस्पेक्टर आशीष राय रहे. इस अवसर पर फादर डॉ. जोस, फादर सिंटो, फादर जिट्टू, प्राचार्या सिस्टर थेरेसा, केजी इंचार्ज सिस्टर राजेश्वरी एवं उप-प्राचार्य अनिल वी.एस. उपस्थित रहे.

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं प्रार्थना से हुआ. विद्यालय परिवार ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया. इसके बाद एसपी रोहित काशवानी ने छात्र परिषद के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई.अपने संबोधन में एसपी काशवानी ने विद्यार्थियों से नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने, अनुशासन का पालन करने तथा नेतृत्व क्षमता विकसित करने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि शिक्षा, संस्कार और जिम्मेदारी की भावना ही विद्यार्थियों को बेहतर नागरिक बनाती है. उन्होंने छात्र परिषद के सदस्यों से विद्यालय में अनुशासन, सेवा और सकारात्मक वातावरण बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा जताई.समारोह में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं. कार्यक्रम के समापन पर एसपी रोहित काशवानी, इंस्पेक्टर आशीष राय, विद्यालय प्रबंधन एवं छात्र परिषद के सदस्यों ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया.अंत में विद्यालय परिवार ने मुख्य अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया तथा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए छात्र परिषद के सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं.

रतनबाई स्कूल में लगी स्वच्छता चौपाल, बच्चों को दिए स्वच्छता के संस्कार

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा. नगर में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रतनबाई स्कूल में स्वच्छता चौपाल का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में विद्यार्थियों को साफ-सफाई का महत्व बताते हुए स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संकल्प दिलाया गया.

चौपाल के दौरान बच्चों को समझाया गया कि स्वच्छता केवल घर या विद्यालय तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे दैनिक जीवन की आदत बनाना आवश्यक है. विद्यार्थियों से कहा गया कि वे स्वयं स्वच्छ रहें और अपने घर, विद्यालय तथा आसपास के वातावरण को भी साफ रखने में सहयोग करें.कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन से भी आग्रह किया गया कि प्रतिदिन प्रार्थना सभा अथवा कक्षाओं में विद्यार्थियों को स्वच्छता से जुड़े संदेश दिए जाएं, ताकि बचपन से ही उनमें स्वच्छता के संस्कार विकसित हों और वे अपने परिवार एवं समाज को भी इसके लिए प्रेरित कर सकें.पूर्व स्वास्थ्य अधिकारी आर.के. नेमा, डॉ. अशोक रोहले तथा नगर पालिका की सहयोगी संस्था आवरण सोशल वेलफेयर सोसाइटी के अभिषेक शर्मा ने बच्चों को स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं व्यक्तिगत साफ-सफाई के महत्व की जानकारी दी.

एनसीआईएसएम का बड़ा बयान आयुष चिकित्सकों को झोलाछाप या फर्जी डॉक्टर कहना गैरकानूनी, संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन

नवभारत न्यूज

विदिशा. भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (एनसीआईएसएम) ने पंजीकृत आयुष चिकित्सकों के सम्मान और अधिकारों को लेकर महत्वपूर्ण स्पष्टीकरण जारी किया है. आयोग ने कहा है कि मान्यता प्राप्त बीएएमएस, बीयूएमएस और बीएसएमएस डिग्रीधारी एवं विधिवत पंजीकृत आयुष चिकित्सकों को झोलाछाप या फर्जी डॉक्टर कहना कानूनन अनुचित है और इसे उनके संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन माना जाएगा.29 जुलाई 2026 को जारी परिपत्र में आयोग ने बताया कि हाल के समय में सोशल मीडिया और सार्वजनिक मंचों पर आयुष चिकित्सकों के लिए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग बढ़ा है, जिससे उनकी पेशेवर गरिमा प्रभावित हो रही है. इसे देखते हुए सभी राज्य परिषदों एवं संबंधित संगठनों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं.एनसीआईएसएम ने स्पष्ट किया कि भारतीय चिकित्सा केंद्रीय परिषद अधिनियम, 1970 तथा राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा पद्धति आयोग अधिनियम, 2020 के तहत पंजीकृत आयुष चिकित्सक विधिक रूप से मान्यता प्राप्त स्वास्थ्य सेवा पेशेवर हैं. उन्होंने निर्धारित अवधि की चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण प्राप्त किया है और उन्हें संसद द्वारा वैधानिक मान्यता दी गई है. इसलिए उनके लिए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करना उनकी पेशेवर गरिमा और कानूनी मान्यता का अनादर है.

आयोग ने कहा कि सभी विधिवत पंजीकृत चिकित्सक कानून के तहत सम्मान के अधिकारी हैं. एनसीआईएसएम के इस निर्णय का विदिशा में भी स्वागत किया गया. आयुर्वेदिक मेडिकल एसोसिएशन, विदिशा ने इसे आयुष चिकित्सकों के सम्मान और गरिमा की रक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि इस आदेश से जिले के आयुष चिकित्सकों में हर्ष का वातावरण है.

चिंता

औसत बारिश 900 मिमी, अभी तक हुई 406 मिमी बारिश, किसानों व जनता की निगाहें आसमान पर

सावन की शुरुआत, लेकिन सिरोंज में बारिश ने बढ़ाई चिंता

नवभारत न्यूज

सिरोंज, सावन माह की शुरुआत गुरुवार से हो चुकी है, लेकिन सिरोंज में मानसून की धीमी रफ्तार से किसान और आम लोग चिंतित है. इस वर्ष 1 जून से अब तक सिरोंज में केवल 406 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है, जो पिछले वर्ष इसी अवधि में हुई 765 मिलीमीटर बारिश का मात्र 53 प्रतिशत है.जानकारी के अनुसार बीते 24 घंटे में गुरुवार सुबह तक सिरोंज में 28 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई. इसके बावजूद कुल वर्षा का आंकड़ा सामान्य से काफी कम बना हुआ है. सिरोंज की औसत वर्षा 900 मिलीमीटर मानी जाती है, लेकिन सावन शुरू होने के बाद भी अभी तक औसत बारिश का आधा आंकड़ा भी पूरा नहीं हो सका है. बारिश की कमी से लोग चिंतित हैं. खरीफ फसलों की बुवाई कर चुके किसान अब अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं. यदि आने वाले दिनों में पर्याप्त वर्षा नहीं हुई, तो फसलों की बढ़वार प्रभावित हो सकती है. हालांकि, लोगों को अब भी उम्मीद है कि सावन के महीने में मानसून सक्रिय होगा और अच्छी बारिश से जलस्रोतों के साथ-साथ खेतों में भी पर्याप्त पानी पहुंचेगा. फिलहाल हर किसी की नजरें आसमान पर टिकी हैं और सभी को अच्छी बारिश का इंतजार है.